हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

11 कबड्डी के ओपन मुकाबले में अलेवा ने भूलन की टीम को हराया



12 एसपी ने प्रमुख व्यापारियों और होटल संचालकों की ली बैठक



## खबर संक्षेप

### एडीसी की अध्यक्षता में निकाला ऑनलाइन ड्रा

**फतेहाबाद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत 67 ट्रैक्टरों (45 एचपी और 45 एचपी से ऊपर) पर अधिकतम 3 लाख रुपये प्रति ट्रैक्टर अनुदान देने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में स्थानीय डीपीआरसी हॉल ऑनलाइन ड्रा निकाला गया, जिसमें 67 लाभार्थी किसानों का चयन किया गया।

### अमरूद प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना में वर्ष 2025-26 के दौरान किसानों हेतु दो दिवसीय 23 व 24 फरवरी को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इच्छुक किसान प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पहले उद्यान विभाग की वेबसाइट के माध्यम से प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख ठगे, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले कबूतरबाजों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में इकनोमिक सैल फतेहाबाद ने डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजने के नाम पर 35 लाख रुपये हड़पने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरिक्षक सन्दीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने सुखविन्द्र सिंह निवासी गांव समैण की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सिरसा।** डबवाली कस्बे के गांव मौजगढ़ निवासी एक युवक की सडक़ हादसे में मौत हो गई। डबवाली के नागरिक अस्पताल में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। गांव मसीता निवासी शुभम अपने दोस्त गैरी के साथ मोटरसाइकिल पर जिम करने के बाद बुधवार देर शाम को गांव लौट रहे थे। मसीता के पास ट्रैक्टर ट्राली से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई।

### अल्ट्रासाउंड सेवा ठप होने पर चताई चिंता


**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने डबवाली के नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा का बार-बार बंद होना अत्यंत चिंताजनक बताया गया है। रेडियोलॉजिस्ट का पद लंबे समय से रिक्त रहने और व्यवस्थागत लापरवाही के कारण आम नागरिकों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

## 220 केवी में केबल बॉक्स खराब होने के कारण समस्या

# 3 घंटे ठप रही शहर की बिजली, मशीनें खामोश, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे मजदूर





**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन व भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन में लगा ट्रांसफार्मर व बिजली घर में खराब हुआ पुर्जा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टू रोड पर स्थित 220 केवी सब स्टेशन में केबल बॉक्स डैमेज के कारण वीरवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के इंजीनियरों की टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद केबल बॉक्स को बदला गया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे शहर में बिजली बहाल हुई। वीरवार को तीन दिन शहर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प रही। निगम का मानना है कि बारिश व बूंदाबांदी के कारण आई नमी के कारण केबल बॉक्स डैमेज हो गया, जिसके चलते पॉवर सप्लाई का ब्रेक डाऊन हो गया। निगम के जेई अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

भट्टू रोड पर हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा संचालित 220 केवी सब स्टेशन से शहर के लिए भट्टू रोड पर ही स्थित 33 केवी सब स्टेशन को बिजली आपूर्ति की जाती है। इसी 220 केवी से हुडा सैक्टर में बने 33 केवी सब स्टेशन को भी पॉवर सप्लाई की जाती है। प्रसारण निगम के जेई के अनुसार दो दिन हुई बारिश व बूंदाबांदी के चलते केबल बॉक्स पेंचर हो गया। 220 केवी सब स्टेशन में यार्ड के अंदर नीचे से केबल जाती है जहां पर केबल बॉक्स लगा होता है। उसके बाद से यहां ओपन वायरिंग शुरू होती है। बारिश के कारण नमी आई तो केबल बॉक्स डैमेज हो गया, जिस कारण यहां से 33 केवी में जाने वाली आउटगोईंग केबल में ब्रेक डाउन हो गया यानि 33 केवी को आने वाली बिजली सप्लाई बंद हो गई। यही कारण था कि वीरवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे पूरे शहर की बिजली सप्लाई ठप्प होकर रह गई। निगम के कर्मचारियों ने 3 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इसके बदलने में कामयाबी पाई। बिजली बंद होने से शहर में बिजली आधारित उद्योग, वैल्डिंग वर्क्स, बैंकों का कामकाज ठप हो गया।

### मैकेनिक दुकानों के बाहर बैठे नजर आए

पूरे शहर में दिन में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। यहां तक कि आटा चक्की वाले, ड्राईक्लीनर व ऑटो मैकेनिक हाथ पर हाथ धरे अपनी दुकानों के बाहर बैठे नजर आए। सिरसा रोड स्थित राइस फैक्ट्रियों व कॉटन मिलों में मशीनें खामोश हो गई। मजदूर बेकार फैक्ट्रियों के बाहर ताश खेलते नजर आए।

### केबल बॉक्स सही होते ही सप्लाई की शुरू

बारिश के कारण 220 केवी में केबल बॉक्स पेंचर हो गया था, जिसे ठीक करने में 2 से 3 घंटे का समय लगा। केबल बॉक्स सही होते ही शहर की बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई है।

-**अशोक कुमार** जेई, द.ह.बि.वि. निगम फतेहाबाद

## एडीसी हुए बीमार, अब 23 को होगा फैसला

# रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



■ लगातार अविश्वास प्रस्तावों का सामना कर रहे

केवल कृष्ण मेहता।

रतिया पंचायत समिति के कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष केवल कृष्ण मेहता फिलहाल राहत मिली है। उनके खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गुरूवार को होने वाली बैठक स्थगित हो गई है। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया के बीमार होने के कारण इस बैठक को स्थगित किया गया है। अब प्रशासन द्वारा अगली मीटिंग 23 फरवरी को सुबह 10 बजे बुलाई गई है। बता दें कि रतिया पंचायत समिति के 22 सदस्यों में से एक सदस्य का निधन हो चुका है। ऐसे में 21 सदस्यों में से विरोधी खेमे को 14 सदस्यों की एकजुटता चाहिए। 14 सदस्यों द्वारा केवल मेहता के खिलाफ वोटिंग करने पर ही उनकी कुर्सी जाएगी। विरोधी खेमे का दावा था कि उनके पास पर्याप्त बहुमत है।

### कांग्रेसी होने के कारण विपक्षी खेमे का दबाव

गौरतलब है कि रतिया ब्लॉक समिति में केवल मेहता कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष हैं, और वे लगातार अविश्वास प्रस्तावों का सामना कर रहे हैं। मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेसी होने के कारण विपक्षी खेमे का उन पर दबाव है। 9 जनवरी 2025 को हुई मीटिंग में 22 में से केवल 12 सदस्य पहुंचे, जो 16 के आवश्यक बहुमत से कम थे, इसलिए प्रस्ताव खारिज हो गया और वे अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे।

### निराश होकर वापस लौटे पंचायत समिति सदस्य

अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक के लिए पंचायत समिति सदस्य फतेहाबाद लघु सचिवालय पहुंचे थे। विरोधी खेमे का दावा था कि उनके पास पर्याप्त बहुमत है, मगर ऐन मौके पर मीटिंग स्थगित कर दी गई है। इससे सदस्यों ने गुस्सा जाहिर किया। इसके बाद सदस्यों ने डीसी से मिलकर आज ही वोटिंग करवाने की मांग की। डीसी ने उन्हें जल्द ही मीटिंग करवाने का आश्वासन दिया। बाद में 23 फरवरी की तिथि घोषित की गई। इसके बाद सदस्य निराश होकर वापस लौट गए। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि यह ठीक नहीं हुआ। प्रशासन ने ऐन मौके पर मीटिंग स्थगित की है। हम 18 सदस्य एकजुट होकर आए हुए थे। इनमें से एक भी सदस्य चेयरमैन को कुर्सी पर नहीं देखना चाहता है। चेयरमैन अपना विश्वास खो चुका है। इसलिए उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए।

## नकल रहित परीक्षाओं के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

# परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू, फोटोस्टेट की दुकानें रहेंगी बंद

■ 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीबीएसई की माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। नकल रहित परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, 11 अप्रेल 2026 तक सिरसा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों में बिना सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पहचान पत्र के किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में महाराजा अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल (बरनाला रोड), शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल, जीआरजी नेशनल गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल, चिल्ड्रन मेमोरियल डीएवी पब्लिक स्कूल, एवी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, द सिरसा स्कूल (बरनाला रोड), सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा पीएम श्री केवी नंबर-1, सिरसा में परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसी प्रकार ऐलनाबाद स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल एवं सीआर डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मंडी डबवाली के सरस्वती विद्या मंदिर तथा सतलुज पब्लिक स्कूल, डबवाली में भी परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। कालांवाली के माता पुन्ना देवी डीएवी पब्लिक स्कूल (देसू रोड) को भी परीक्षा केंद्र घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त रानियां के द जीनियस स्कूल, वीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा द गुरुकुल स्कूल में भी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

## भट्टू रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पर किया रोष प्रदर्शन

# सस्पेंड एक्सईन के समर्थन में उतरे कर्मचारी, सस्पेंशन रद्द करने की मांग, सीवर-पानी सप्लाई ठप करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



■ कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

एक्सईएन बलविंद्र नैन।

जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन को सस्पेंड किए जाने से कर्मचारियों में रोष फैल गया है। विभाग के कर्मचारियों ने वीरवार को एकजुट होकर भट्टू रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में रोष प्रदर्शन किया और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक्सईएन का सस्पेंशन रद्द करके उनकी बहाली नहीं की तो शहर की सीवर और पेयजल व्यवस्था ठप कर देंगे। बता दें कि, बुधवार को मंत्री कृष्ण बेदी की अनुशंसा पर एक्सईएन बलविंद्र नैन को सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि रात के समय मंत्री के पीए ने फोन किया था। फोन काफी देर बिजी था। जब पीए ने बात की तो एक्सईएन ने कह दिया कि इतनी रात की बजाय सुबह फोन कर लेते।

### कार्रवाई को बताया अन्यायपूर्ण

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लयूडी कर्मचारी यूनियन के नेता धर्मपाल दरियापुर व कर्मचारी नेता इन्द्र घासी ने कहा कि मंत्री के पीए ने रात को 10 बजे फोन किया। पीए ने कहा कि फोन अटैंड क्यों नहीं किया। हालांकि, एक्सईएन ने बाद में रिप्लाई भी किया, मगर उनकी बात सुने बिना ही उनको सस्पेंड कर दिया गया। उनके खिलाफ की गई कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। कर्मचारी नेता ने कहा कि यदि जल्द ही सस्पेंशन आदेश वापस नहीं लिया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। मांग नहीं मानी गई तो शहर और जिले की सीवर-पानी व्यवस्था ठप कर देंगे।


# ईमानदारी का दिया परिचय आर्मी जवान का लौटाया पर्स

■ पर्स में रखे रुपये व जरूरी कागजात पाकर भावुक हो गया जवान

**सिरसा।** ईमानदारी आज भी जिंदा है, इसका उदाहरण आज ओढ़ा में तब देखने को जब एक फास्ट फूड संचालक ने आर्मी के जवान का पर्स लौटा कर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया। आर्मी में कार्यरत जवान हरजिंदर सिंह निवासी गांव भारू (गिद्दड़बाहा) पंजाब छुट्टी लेकर घर जाते समय गत दिवस ओढां में कुछ सामान खरीदने के लिए ठहरा और उसका पर्स सडक़ के किनारे जा गिरा। कुछ समय बाद मारुति प्लाजा फास्ट फूड संचालक पवन कुमार को सड़क किनारे एक काले रंग का पर्स पड़ा मिला। जब उसने पर्स खोलकर देखा तो उसमें नकद राशि, दो एटीएम कार्ड और कई जरूरी कागजात थे। पहचान पत्र व पर्स में रखी कुछ पर्चियां से पता व मोबाइल नंबर ढूंढ़ कर उसे फोन किया गया कि आपका पर्स ओढ़ा में इस स्थान पर मेरे पास है आप निशानी बताकर ले जाएं। तो आज सुबह हरजिंदर सिंह आर्मी जवान ओढ़ा पहुंचा और अपना खोया हुआ पर्स और उसमें रखे रुपये तथा जरूरी कागजात पाकर भावुक हो गया। उसने बताया कि वह पर्स गिरने के बाद से काफी परेशान था और उसे उम्मीद नहीं थी कि आज के दौर में कोई व्यक्ति उसका पर्स लौटाएगा।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म और हड़पी नकदी, आरोपी गिरफ्तार

■ यूपी का रहने वाला है आरोपित



**फतेहाबाद।** दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार युवक।

**फतेहाबाद।** एक महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, धोखाधड़ी और धमकाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अंकुश बाबू पुत्र कृपाल सिंह निवासी वजीरपुर जेहलपुर, जिला फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित महिला ने कहा था कि फेसबुक के जरिए उसकी जान-पहचान आरोपी के साथ हुई थी। आरोपी ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत का किया वा करीब 1 लाख 3 हजार रुपये नकद व ऑनलाइन भी हड़प लिए। शिकायत पर आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी युवक अंकुश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# किसान गोष्ठी : तेज धूप या हवा के दौरान फसलों पर स्प्रे न करें

■ किसानों को फसलों की सुरक्षा व स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गांव नानकपुरा में स्टीवर्ड दिवस के अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान किसानों को फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. विजेंद्र चौहान ने किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग बारे जानकारी देते हुए बताया कि किसान तेज धूप या तेज हवा के दौरान स्प्रे न करें। इसके बजाय शांत मौसम में सुबह या शाम के समय हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सिफारिशों के अनुसार ही छिडक़ाव करें। उन्होंने कहा कि कीटनाशक के प्रयोग के बाद हाथ और मुंह को साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए।

वहीं जोनल मैनेजर रविन्द्र यादव ने बताया कि शरीर को रसायनों से बचाने के लिए पीपीई किट जरूर पहनें। कीटनाशकों के खाली डिब्बों और पाउच को इधर-उधर फेंकने के बजाय जमीन में दबाकर उचित तरीके से नष्ट करना चाहिए। डॉ. विजेंद्र चौहान ने किसानों से आग्रह किया कि वे कीटनाशक, खाद या बीज खरीदते समय हमेशा पक्का बिल जरूर लें।

## फास्ट ट्रैक कोर्ट का सख्त फैसला

# दुष्कर्म के दोषी को सुनाई 14 साल की सजा, 55 हजार जुर्माना

■ जयपुर से गिरफ्तारी, मेडिकल रिपोर्ट बनी अहम साक्ष्य

**सिरसा।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट डॉ. नरेश कुमार सिंघल ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 14 साल की सजा सुनाई है। दोषी को 55 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। मामले के अनुसार 2020 में पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी बेटी को एक युवक ने घर से भगाकर ले गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की और जल्द ही महत्वपूर्ण सूचना मिलने के बाद आरोपी युवक और पीड़िता को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला अधिवक्ता की उपस्थिति में पीड़िता का बयान लिया और उसकी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दुष्कर्म के आरोप में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश किए। अदालत ने जांच के आधार पर दोषी युवक सुखदेव सिंह उर्फ राजू जिला हरदोई यूपी हाल कंगनपुर को दुष्कर्म और संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया।


## समस्या | नगर परिषद के दावों के बावजूद हालात बद से बदतर

## लोगों का घर से निकलना तक हुआ मुश्किल

# लाखों खर्च, फिर भी बंदरों का आतंक बरकरार योग नगर के निवासियों का जीना किया मुहाल

■ बंदर घरों की छतों, छज्जों और गलियों में डेरा जमाए रहते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




शहर में बंदरों की बढ़ती संख्या और उनके आक्रामक व्यवहार ने स्थानीय नागरिकों की नाक में दम कर दिया है। नगर परिषद द्वारा बंदरों को पकडऩे के नाम पर अब तक लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। ताजा मामला योग नगर क्षेत्र का है, जहाँ बंदरों के झुंड ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है। योग नगर के निवासियों का आरोप है कि प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति में जुटा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बंदर घरों की छतों, छज्जों और गलियों में डेरा जमाए रहते हैं। कपड़े फाड़ना, पानी की टंकियां तोड़ना और राहगीरों से खाने-पीने का सामान छीनना अब आम बात हो गई है। बच्चों और बुजुर्गों में इस कदर खौफ है कि वे अकेले बाहर निकलने से कतराने लगे हैं।

क्षेत्रवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि नगर परिषद के अधिकारी बजट का हवाला तो देते हैं, लेकिन धरातल पर कोई प्रभावी टीम नजर नहीं आती।

### आरोप - नप केवल बजट खपाने तक सीमित

लोगों का सीधा आरोप है कि नगर परिषद केवल बजट खपाने और फाइलों को भरने तक सीमित है। हमने कई बार वार्ड स्तर पर और लिखित रूप में शिकायतें दी हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। समस्या से त्रस्त नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि अनुभवी टीमों को बुलाकर तुरंत बंदरों को पकडऩे का काम शुरू किया जाए। पकड़े गए बंदरों को शहर से दूर घने जंगलों या सुरक्षित प्राकृतिक आवासों में छोड़ा जाए। एक बार बंदर पकडऩे के बाद दोबारा उनकी संख्या न बढ़े, इसके लिए ठोस नीति बनाई जाए। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। योग नगर के वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे नगर परिषद कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।



कहानी
प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

बच्चो, अगर चांद तुम्हारी छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, सब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-

*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*



गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ।...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी।...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे न।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश।' उसे मैं स्कूल की पत्रिका में छापूंगी। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा आएं तो हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सार:** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। *

**प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

## चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

## फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शहद-सी चटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोपल-कोपल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



## हंसगुल्ले



**चिंटू:** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटू:** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटू:** अंधेरा।
**-साकेत, बिलासपुर**

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदी:** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदी:** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रिया:** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।
**-प्रज्ञा, रायपुर**

**सोनू:** तुम हमेशा अपनी जेब में नींबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनू:** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।
**-श्रेया, दुर्ग**

## जीके क्विज-193



1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैक्रॉ किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-192 का उत्तर:** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वाले:** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी
आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'



'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा? ' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अकसर ऐसे ग्राहको से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब:** देश के अनमोल रत्न : भारत रत्न,
**लेखक:** समीर गांगुली, **मूल्य:** 300 रुपए,
**प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## रंग भरो-196

**रंग भरो-196** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


दिशांत, महेंद्रगढ़


मीनाक्षी, सक्ती


रेयांश, बिलासपुर



सौम्य, कोरबा


वैष्णिका, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, संचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

## रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति घर में मृत अवस्था में मिला

**ओढां।** गांव पन्नीवाला मोटा में एक व्यक्ति अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर ओढ़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा भिजवाया। जानकारी के अनुसार मंदीप सिंह निवासी पन्नीवाला मोटा घर में अकेला ही रहता था और अविवाहित था। उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और उसका एक बड़ा भाई है जोकि उससे अलग सिरसा में रहता है। पड़ोसियों ने उसे मृत अवस्था में देखा तो उसके भाई को सूचना दी। एएसआई लक्खा राम ने मृतक के भाई विक्की के ब्यान पर घटना की कार्रावई दर्ज की।

### हेरोइन व अफीम सहित तीन नशा तस्कर काबू

**सिरसा।** जिले क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन व अफीम बरामद की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी कृष्ण कुमार, विक्रम व कमलजीत के रूम में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रंगड़ी रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### महिला पर हमले के आरोप में पिता-पुत्र काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने उसके पति और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि इस बारे 50 वर्षीय जीतो निवासी जमालपुर शेखां ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में महिला ने बताया कि 11 फरवरी की रात करीब 10 बजे उसका पति महेन्द्र उर्फ लालचन्द और बेटा अभय उर्फ बाली नशे की हालत में घर आए। दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया और बेटे अभय ने हाथ में ली लोहे की रॉड से महिला के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। आरोपी जाते-जाते महिला को जान से मारने की धमकी भी देकर गए।

## संत बाबा नरैण सिंह मोनी की स्मृति में 17वें वार्षिक कबड्डी कप का आयोजन

# कबड्डी के ओपन मुकाबले में अलेवा ने भूलन की टीम को 3.5 अंकों से हराया

- अलेवा की टीम को 1 लाख 11 हजार रुपए और उपविजेता भूलन की टीम को 81 हजार रुपए नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया
- टूर्नामेंट में ओपन वर्ग की कुल 26 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमखम दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



टोहाना। गांव ढेर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

गांव ढेर में संत बाबा नारायण सिंह जी मोनी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी कप का आज समापन हुआ। टूर्नामेंट में ओपन वर्ग की कुल 26 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमखम दिखाया, जिनमें बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में विभिन्न मुकाबलों में जीत अर्जित कर जींद जिला के गांव अलेवा व फतेहाबाद जिला के गांव जांडली की टीम सेमीफाइनल में पहुंची, वहीं दूसरे तरफ जींद जिला के गांव खरल और पंजाब के संगरूर जिला के गांव भूलन की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल स्पर्धा में अलेवा की टीम ने जांडली को एवं भूलन की टीम ने खरल की टीम को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।

देर रात्रि को हुए ओपन कबड्डी के फाइनल मुकाबले में कांटे की टक्कर में गांव अलेवा की टीम ने भूलन गांव की टीम को मात देकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल के कड़े मुकाबले में अलेवा की टीम ने 16 अंक हासिल किए, जबकि भूलन की टीम साढ़े 12 अंक जुटा पाई। संत बाबा नारायण सिंह जी मोनी स्पोर्ट्स क्लब और टूर्नामेंट में पहुंचे अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और टूर्नामेंट की विजेता अलेवा की टीम को 1 लाख 11 हजार रुपए और उपविजेता भूलन की टीम को 81 हजार रुपए नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।ओपन मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके खिलाड़ियों ने खेल मैदान में उतरकर अपने लाजवाब प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के चलते पूरा खेल मैदान दर्शकों की तालियों से गूंज सुनाई दे रहा था।

### राज्यसभा सांसद बराला ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

*बाबा नारायण सिंह मोनी स्पोर्ट्स क्लब ढेर द्वारा आयोजित खेल मेले में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने पहुंचकर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं। खेल मेले में पहुंचने पर क्लब सदस्यों एवं ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद का ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। सांसद बराला ने खेल व खिलाडियों को बढ़ावा देने के लिए क्लब के सदस्यों को हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने खिलाडियों को नशे से दूर रहकर खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।*

### बेस्ट कैचर व रेडर को बुलेट मोटरसाइकिल से नवाजा

ओपन मुकाबले में खिलाड़ी मंदीप बलरां व दीनू जवारा ने 7-7 रेड डालकर 7-7 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से बेस्ट रेडर का खिताब जीता, वहीं खिलाड़ी मंदीप अलेवा ने 1 टच से 1 कैच लगाकर बेस्ट कैचर का खिताब हासिल किया। बेस्ट खिलाड़ियों को बुलेट मोटरसाइकिल देकर नवाजा गया।



फतेहाबाद। शिव पूजा करवाते स्वामी दिव्यानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

# प्रभाव नहीं, स्वभाव सुधरे तो सधे जीवन : दिव्यानंद

## शिव पुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- कार्यक्रम में अगम हार्दिक बतरा व सुभाष बतरा ने रुद्राभिषेक किया। वहीं संत कुमार एडवोकेट, एनडी मित्तल, संजय बतरा एवं नरेश सरदाना ने ग्रंथ पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया
- कुछ समस्याएं तो फैशनेबल सी हो गई हैं, मानों हम कोई ऊंचे घराने के हों

श्री गीता भवन मॉडल टाऊन फतेहाबाद में वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिव पुराण कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि अधिकांश सब समस्या से ग्रस्त हैं, जीवन में कोई भी प्रॉब्लम नहीं है, ऐसा कोई दावा नहीं कर सकता।

सत्य तो यह है कि हम लोग एक्टिंग करने में इतने विशेषज्ञ हो गए हैं कि जब दूसरा कोई हमें देखता है तो उसे लगता है कि हमारा बहुत अच्छा चल रहा है। कुछ समस्याएं तो फैशनेबल सी हो गई हैं, मानों हम कोई ऊंचे घराने के हों।

पूछो तो एक ही जवाब है कि समझ में ही नहीं आ रहा, कुछ भी अच्छा नहीं लगता। डॉक्टर्स से एंपायटमेंट ले रखी है। दिखावा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैसे भी हो हमारा प्रभाव बढ़े, स्वभाव भले ही कैसा हो। प्रभाव देख जगत तो आकर्षित हो जाता है, किंतु परमात्मा तो हमारे स्वभाव और नीयत को देखता है।

सोचो बर्तन स्वच्छ हो किंतु यदि उसमें पानी गंदा हो तो, शरीर पर वस्त्र अच्छे हों, किंतु यदि त्वचा पर फोड़े फुंसी हो तो, ऊपर से जीवन उपवन लगे और स्वभाव कचरे की पेटी बनी हो, ऊंचा बड़ा भव्य भवन बनाओ किंतु मजबूत नींव के साथ। अगम हार्दिक बतरा, सुभाष बतरा ने रुद्राभिषेक किया। संत कुमार एडवोकेट, एनडी मित्तल, संजय बतरा एवं नरेश सरदाना ने ग्रंथ पूजन कर आशीर्वाद लिया।

# हरियाणा राज्य लगोरी चैंपियनशिप में पीडीएम की छात्रा ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

गांव खाबड़ा कलां स्थित पी.डी. मैमोरियल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा ने रेवाड़ी में आयोजित सब-जूनियर लगोरी स्टेट चैंपियनशिप यानि पिट्ठू गेम में प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 और 15 फरवरी को रेवाड़ी के गुरुकुलम् स्कूल में आयोजित की गई थी। इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर की कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच पीडीएम स्कूल की छात्रा ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान का खिताब अपने नाम किया।

आज विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता गिजरोईया और डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने विजेता छात्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रा की इस उपलब्धि को स्कूल और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। प्रधानाचार्या अनिता गिजरोईया ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा लगोरी न केवल मनोरंजन है, बल्कि यह शारीरिक फिटनेस, फुर्ती और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। यह खेल खिलाडिय़ों के बीच टीम वर्क और समन्वय की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भारतीय खेल लगोरी यानि पिट्ठू अब केवल गलियों तक सीमित नहीं है। वर्तमान में यह खेल 30 से अधिक देशों में खेला जा रहा है। इसका संचालन अंतरराष्ट्रीय लगोरी महासंघ द्वारा वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों के व्यक्तित्व का विकास होता है ।




भट्टूकलां। पिट्ठू चैम्पियनशिप में विजेता पीडीएम स्कूल की छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### कैंसर वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम

**टोहाना।** दमकोरा रोड स्थित ऋग्वेदा इंटरनेशनल स्कूल में अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा कैंसर वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महिला रोग विशेषज्ञ डॉ कुसुम गुप्ता ने शिरकत की। यह कार्यक्रम अग्रवाल महिला समिति प्रधान देविका सिंगला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल डायरेक्टर प्रदीप मडिया, दिव्या कंबोज व प्रिंसिपल राजन दुबे द्वारा पूरी टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ. कुसुम गुप्ता ने छात्राओं को पौष्टिक आहार लेने जिसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक हो खाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कैंसर का वैक्सीनेशन भी शुरू हो रहा है जिसके लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में पिज्जा, बर्गर, जंक फूड खाने से बीमारियां शरीर में फैल रही है लेकिन फिर भी लोग खा रहे है। कैल्शियम की पूर्ति के लिए दूध पीना चाहिए लेकिन बच्चे दूध पी नहीं रहे। तीनों समय बच्चे को दूध पीना चाहिए।

# बुराइयों से दूर रहकर अपनाएं सकारात्मक जीवन शैली: साध्वी

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के बोध प्रकल्प के अंतर्गत रानियां में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के बोध प्रकल्प के अंतर्गत रानियां में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साध्वी ब्रह्मनिष्ठा भारती ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में शास्त्र सम्मत ज्ञान का बीजारोपण करना था, क्योंकि आज कुछ असमाजिक तत्वों ने हमारे शास्त्रों का अपने स्वार्थ के लिए अर्थ का अनर्थ कर दिया है। समाज में यह भ्रांति प्रसारित की गई कि भगवान भोलेनाथ भांग का नशा करते थे। लेकिन सत्यता तो यह है कि भगवान भोलेनाथ नाम का नशा करते थे। उन्होंने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी अपने दायित्व से पलायन करते हुए भारी नशे का सेवन करती है। जिससे वह कुमार्ग पर अग्रसर होकर अपने दायित्वों से मुख मोड़ लेती है। उन्होंने समझाया कि नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर, आत्मबल, सदाचार और सकारात्मक जीवन शैली अपनाना ही श्रेयश्कर है। यह केवल तब संभव है जब हम किसी पूर्ण संत के सान्निध्य में जाकर अध्यात्म के पथ का अनुकरण करें, तभी एक सभ्य व सुदृढ़ समाज का गठन हो सकता है। साध्वी हरिवंदना भारती, साध्वी नवनीता भारती, साध्वी आरती, साध्वी नेहा, साध्वी नैना भारती एवं स्वामी अरिहरन ने मधुर भजन संकीर्तन द्वारा कथा में आगन्तुक भक्तजनों को मंत्रमुग्ध किया।

### राष्ट्रीय कैंप में जौहर दिखाएगा अनुनय

**सिरसा।** जिमनास्टिक फैडरेशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स प्रशिक्षण शिविर के लिए जिले के जिम्नास्ट खिलाड़ी अनुनय का चयन किया है। यह कैंप आगामी 15 मार्च तक हाई परफार्मेंस सेंटर (उड़ीसा) में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप के लिए चयनित खिलाड़ियों में अनुनय हरियाणा से अकेले खिलाड़ी हैं, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। अनुनय के पिता मनीष चौधरी ने बताया कि महज 14 वर्ष की आयु में अनुनय ने जिम्नास्टिक्स में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। वह वर्तमान में स्पोर्ट्स अथोरिटी ऑफ इंडिया के इंदिरा गांधी स्टेडियम, आईटीओ, दिल्ली में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके वर्तमान कोच लखन मनोहर शर्मा के मार्गदर्शन में वह निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। परिवार, कोच और क्षेत्रवासियों ने अनुनय की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अनुनय की मेहनत, अनुशासन और समर्पण आने वाले समय में देश के लिए और भी बड़े सम्मान लेकर आएंगे। इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि अनुनय ने अपनी जिम्नास्टिक्स यात्रा की शुरूआत हरियाणा के दलबीर सिंह स्टेडियम में कोच संदीप के निर्देशन में की थी। शुरूआती दिनों से ही उन्होंने अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी थी, जिसका परिणाम आज राष्ट्रीय स्तर पर उनके चयन के रूप में सामने आया है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और नेशनल गेम्स में भाग लेते हुए कई पदक जीते हैं, जिनमें रजत पदक भी शामिल है। इसके अतिरिक्त अनुनय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुका है और ताशकंद में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुका है।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 15 विद्यार्थियों का साक्षात्कार



**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल ने एनआईआईटी लि. के सहयोग से एक्सिस बैंक तथा एचडीएफसी बैंक के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। एसोसिएट सोर्सिंग पार्टनर मनोज कश्यप तथा असिस्टेंट मैनेजर प्रज्ञा ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया, बैंकिंग क्षेत्र में करियर संभावनाओं तथा चयन मानदंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एमकॉम एवं एमए राजनीति विज्ञान के कुल 15 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने के लिए साक्षात्कार का आयोजन ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया गया। प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में डॉ. प्रियंका रानी व डॉ. रमा सर्राफ ने भी भागीदारी की। आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा कार्यालय में नगर पार्षदों की बैठक



**सिरसा।** भाजपा जिला कार्यालय नगर पार्षदों की बैठक हुई, जिसमें भाजपा, हलोपा पार्षद मौजूद थे। बैठक में सभी पार्षदों से उनके-अपने वार्डों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक माह इस प्रकार की बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि शहर की समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श उपरांत उनके समयबद्ध निदान को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के निराकरण के लिए एक जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी पार्षदों का आह्वान किया कि वे समर्पित भाव से जनता की आशाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करें तथा आपसी एकजुटता का संदेश दें। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी संगठन को मजबूत करें तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक परिवार की तरह कार्य करें, क्योंकि संगठन सर्वोपरि होता है। सभी पार्षदों ने एकजुट होकर यह संकल्प दोहराया कि वे मिलकर सिरसा शहर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस अवसर पर गोविंद कांडा, वीर शांति स्वरूप, रोहताश जांगड़ा, मनीष सिंगला, अंबर मेहता, सनप्रीत सोढ़ी, जसपाल सिंह, सुमन शर्मा, राजन शर्मा, दीपक बंसल, मनीष कुमार, अंग्रेज बठला, हेमकांत शर्मा, मोनिका सर्राफ, रूबी सेठी, संजीव रातुसरिया, चंद्रिका गनेरीवाला, कुसुम, विक्रम सैनी, पूजा सैनी, मनमोहन मिढा आदि मौजूद रहे।

### सकारात्मक माहौल से मस्तिष्क को मिलता है विश्राम: डॉ. रविंद्र पुरी

**सिरसा।** परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को विशेष संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक पड़ाव है, पूरा जीवन नहीं। धैर्य, संतुलन और आत्मविश्वास के साथ दी गई परीक्षा ही वास्तविक सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा के दिन तनाव का नहीं, बल्कि संयम और आत्मविश्वास का समय होते हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी चिंता स्वाभाविक और आवश्यक होती है, क्योंकि हल्का तनाव मस्तिष्क को सक्रिय करता है और पढ़ा हुआ बेहतर ढंग से याद रखने में मदद करता है। लेकिन जब चिंता की मात्रा अधिक हो जाती है, तो वही चिंता भूलने का कारण बन जाती है। विशेष रूप से परीक्षा हॉल में पहुंचते ही कई विद्यार्थी घबराहट के कारण पढ़ा हुआ भूल जाते हैं, जबकि वास्तविक समस्या ज्ञान की कमी नहीं बल्कि तनाव की अधिकता होती है। उन्होंने इसके लिए विद्यार्थियों को एक सरल तकनीक सुझाते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व गहरी सांस अंदर लें, दस तक गिनती करते हुए रोकें और फिर धीरे-धीरे मुंह से बाहर निकालें। उन्होंने बताया कि सीमित मात्रा में शर्करा भी मस्तिष्क के लिए उपयोगी होती है, क्योंकि दिमाग को बेहतर कार्य करने के लिए ऑक्सीजन और ग्लूकोज की आवश्यकता होती है।

# कोरम पूरा होने के बावजूद चुनाव टालना जनादेश का अपमान: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- भाजपा आपसी एकजुटता का राग अलाप रहे हैं, लेकिन भीतर उप प्रधानगी हासिल करने के लिए घमासान मचा हुआ है।
- दोनों गुट एक दूसरे को नीचा दिखाने में जुटे हुए हैं, जिससे शहर का विकास हाशिए पर चला गया है

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि कोरम पूरा होने के बावजूद नगरपरिषद उप प्रधान का चुनाव टालकर भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है, जिसके लिए शहर की जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी।

शर्मा ने जारी बयान में कहा कि बीते दिवस हुए इस घटनाक्रम ने भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने ला दी है। उन्होंने कहा कि परिषद की निर्धारित बैठक में पर्याप्त पार्षद मौजूद थे और कानूनी रूप से चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती थी, लेकिन अंतिम समय पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। एसडीएम की बीमारी का बहाना बनाकर जिस प्रकार एन वक्त पर चुनाव टाला गया, उससे यह प्रमाणित हो गया कि भाजपा पार्षदों में आपसी फूट चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। इन लोगों को शहर के विकास से कोई मतलब नहीं। नगर परिषद का खजाना चट करने के लिए कुर्सी की खींचातानी चल रही है। शर्मा ने कहा कि भाजपा नेता ऊपर से तो आपसी एकजुटता का राग अलाप रहे हैं, लेकिन भीतर उप प्रधानगी हासिल करने के लिए घमासान मचा हुआ है। दोनों गुट एक दूसरे को नीचा दिखाने में जुटे हुए हैं, जिससे शहर का विकास हाशिए पर चला गया है। शहर के लोगों को उम्मीद थी कि उप प्रधान का चुनाव होने के बाद शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी और शहर में पसरी समस्याओं के समाधान को लेकर प्रयास शुरू होंगे, मगर भाजपाइयों की आपसी कलह ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शर्मा ने कहा कि नगर परिषद उप प्रधान का चुनाव टालकर भाजपा ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार तार करने के साथ जनता के जनादेश का अपमान भी किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जब से नगर परिषद पर भाजपा का कब्जा हुआ है, तब से शहर का विकास ठप हो गया है।

**अभियान** ऑपरेशन जीवन ज्योति को अब सामाजिक संस्थाओं का भी मिल रहा सहयोग

# आरएसओ ने नशा मुक्ति के लिए हजारों रुपये की आयुर्वेदिक दवाएं पुलिस प्रशासन को सौंपी

- पुलिस लाइन स्थित सभागार हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दवाओं को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




फतेहाबाद। पुलिस को आयुर्वेदिक दवाएं सौंपते आरएसओ के सदस्य।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति को अब सामाजिक संस्थाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में सामाजिक संस्था आरएसओ ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए नशा पीड़ित युवाओं के उपचार हेतु 30 हजार की आयुर्वेदिक दवाइयों का दान दिया है। फतेहाबाद पुलिस जहाँ एक ओर नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है, वहीं दूसरी ओर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकाल रही है। पुलिस लाइन स्थित सभागार हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन दवाओं को उपचार के लिए समर्पित किया गया। इसे 'दवाइयों का लंगर' नाम दिया गया है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद युवाओं को मुफ्त और प्रभावी इलाज मुहैया कराना है।

### नशे से ग्रस्त युवाओं को सही दिशा की जरूरत

इस अवसर पर डीएसपी नर सिंह, थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा, नशामुक्ति टीम प्रभारी सुन्दर लाल, आरएसओ संस्था के प्रधान सुखदेव सिंह कालापीला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। डीएसपी नर सिंह ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि नशा ग्रस्त युवाओं को दंड नहीं, बल्कि प्रेम और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। वे हमारे समाज का भविष्य हैं और उन्हें नई दिशा देना ही फतेहाबाद पुलिस का मुख्य संकल्प है। एसपी सिद्धांत जैन ने इस अभियान को एक सामाजिक हवन यज्ञ बताते हुए अन्य संस्थाओं से भी जुडने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद को पूर्ण नशा मुक्त बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

## सीसीटीवी रिकॉर्ड और गार्ड रखने के दिए निर्देश

# एसपी ने ली प्रमुख व्यापारियों और होटल संचालकों की बैठक

### वर्तमान में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं व अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा: जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसपी का स्वागत करते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक की। इस बैठक में जिलेभर से आए पेट्रोल पंप मालिकों, आढ़तियों, ज्वैलरी व्यवसायियों, शराब कारोबारियों, बैंक प्रबंधकों सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय के माध्यम से अपराध नियंत्रण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। एसपी जैन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी को अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, समय-समय पर उनकी जांच करवाएं तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखें। ज्वैलरी शॉप्स, बैंक शाखाएं, पेट्रोल पंप, शराब ठेके व आढ़त बाजार जैसे स्थान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अपराधियों को अवसर दे सकती है। ऐसे स्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करना तथा प्रवेश/निकासी बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है।

**व्यापारी कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखें**

### नकद लेन-देन एवं एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह

बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को नकद लेन-देन एवं एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। वहीं शराब विक्रेताओं को ठेकों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखने तथा विशेष रूप से रात्रि समय में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी होटल एवं गेस्ट हाउस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों का इंद्राज अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टल/एप पर करें तथा अपनी आईडी बनाएं। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक यात्री का विवरण समय पर पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन होटल संचालकों द्वारा पोर्टल पर इंद्राज नहीं किया जाएगा, उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा सुरक्षा से जुड़े उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह, सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यनारायण, एसपी प्रवाचक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित जिलेभर से आए प्रमुख व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल, फर्जी लिंक से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।




जैसे-जैसे 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। ये ठग लोक अदालत की आड़ में फर्जी लिंक भेजकर लोगों से उनकी संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है।

एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार, साइबर अपराधी ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों से ऐसे लिंक भेज रहे हैं जो देखने में सरकारी प्रतीत होते हैं, लेकिन इनका उद्देश्य केवल एक है लोगों से उनकी बैंक डिटेल, पासवर्ड, ओटीपी और अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करना। उन्होंने कहा, इन फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही आपकी संवेदनशील जानकारी अपराधियों के पास पहुंच सकती है, जिससे आपका आर्थिक नुकसान हो सकता है। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं। पहला, किसी भी ईमेल, एसएमएस या व्हाट्सएप लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें। दूसरा, लोक अदालत से संबंधित जानकारी केवल सरकारी पोर्टल या अधिकृत वेबसाइट से ही प्राप्त करें। तीसरा, यदि कोई संदिग्ध लिंक या मैसेज प्राप्त हो, तो तुरंत निकटतम थाना या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। और चौथा, किसी भी साइबर धोखाधड़ी के प्रयास की तत्काल रिपोर्ट करें, ताकि अन्य लोग भी सतर्क रह सकें।

एसपी जैन ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे स्वयं तो सतर्क रहें ही, साथ ही इस तरह की जानकारी अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ भी साझा करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इन फर्जी लिंक के जाल में न फंसे। उन्होंने कहा, साइबर अपराधी लोक अदालत जैसी संवेदनशील प्रक्रिया का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में केवल आपकी सतर्कता ही आपको सुरक्षित रख सकती है।

# जेईई-मेन में विश्वास नव शारदा स्कूल की भूमिका ने 99.63 पर्सेंटाइल से किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



भूना। जेईई-मेन परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थी।

जेईई-मेन परीक्षा में विश्वास नव शारदा स्कूल, भूना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा भूमिका ने 99.63 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की, वहीं छात्र काफी ने 93.52 और छात्र आर्यन ने 93.71 पर्सेंटाइल अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल संचालिका मंजू खुराना ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। प्रिंसिपल मुकेश मोगिया ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह तो सफलता की शुरुआत है। डायरेक्टर डॉ. सौरभ खुराना ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।

## खबर संक्षेप

### महिला के खाते से साइबर ठगों ने 9.54 लाख रुपये निकाले, केस दर्ज



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में एक महिला ठगी का शिकार हो गई। अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी कर महिला के खाते से 9.54 लाख रुपये की राशि निकलवा ली। महिला को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद गुरूवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव झलनियां निवासी कविता पत्नी बलबीर ने कहा है कि वह घरेलू कार्य करती है जबकि उसका पति खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका बैंक ऑफ इंडिया में खाता है जिसमें फसल के पैसे आते रहते हैं। महिला ने कहा कि 16 फरवरी को उसे पैसों की जरूरत थी तो अपने अपने खाते में फोन पे से बैलेंस चैक किया तो पाया कि उसके खाते में केवल 52 हजार 250 रुपये थे जबकि उसके खाते में 10 लाख रुपये होने चाहिए थे। इस पर उसने तुरंत बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाई तो उसे पता चला कि उसके खाते में एक फरवरी से 13 फरवरी तक 9 लाख 54 हजार 579 रुपये किसी द्वारा निकाले गए हैं।

### डिग्री कॉलेज बहबलपुर में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा एआई पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में उच्च शिक्षा में एआई का भविष्य नामक विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला का संचालन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रघुविंदर ने किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरमिंदर सिंह, प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल तथा कंप्यूटर विज्ञान विभाग की पूजा महतानी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. रघुविंदर ने इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि एआई आज के समय की सबसे क्रांतिकारी तकनीक है और यह हर जगह हमारे व्यक्तिगत सहायक की तरह मदद कर रही है। इससे हमारे काम आसान हुए हैं। डॉ. रघुविंदर ने छात्रों के एआई के इतिहास, प्रकार, शिक्षण में इसके उपयोग के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि एआई आज के समय की की मांग है। भविष्य में इसकी भागीदारी और भी बढ़ेगी। समाज में इसकी उपयोगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हमें देखना होगा कि इसका दुरुपयोग न हो। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई और एआई के विषय में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया और उन्होंने एआई के विषय में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया और उन्होंने एआई टूल्स, प्रयोग करने से स्किल बढ़ेगी या घटेगी तथा संकीर्ण व सामान्य एआई से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया।

### कॉलेज ऑपरेटर के घर से मोबाइल चोरी मामले में आरोपी युवक काबू

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर में कॉलेज ऑपरेटर के घर से मोबाइल चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने इन्द्रपाल निवासी गांव बहबलपुर की की शिकायत पर केस दर्ज किया था। हांसपुर चौकी में दी शिकायत में उन्होंने कहा था वह मुख्तयार सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। शिकायत के अनुसार, जनवरी माह की रात को उनके घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पीड़ित द्वारा अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस पर थाना सदर फतेहाबाद में 18 फरवरी को केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक टिन्कू पुत्र जीत सिंह निवासी आहलुपुर, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरीशुदा मोबाइल बरामद कर लिया है।

### नेशनल कॉलेज में रचनात्मक लेखन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में हिंदी विषय परिषद् तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में रचनात्मक लेखन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत रहीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### क्लब ने कॉलेज में किया पौधरोपण



**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब सिरसा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना था। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि बलविंद्र सिंह एवं रणजीत सिंह थे। क्लब के कोषाध्यक्ष अजीत सिंह औलख, सदस्य संदीप सिंह औलख एवं कुलदीप सिंह औलख भी सक्रिय रूप से मौजूद थे। पौधारोपण महाविद्यालय परिसर के अंदर तथा बाहर दोनों स्थानों पर किया गया। विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए, ताकि भविष्य में परिसर अधिक हरित एवं प्रदूषणमुक्त बन सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे। उन्होंने लायंस क्लब सिरसा के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं।

## कार्यस्थल पर दुर्घटना से पीड़ित श्रमिकों को मिलती है सहायता

- वित्तीय सहायता एक लाख से लेकर तीन लाख तक दी जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जहां पंजीकृत निर्माण कामगार को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाता है, वहीं पंजीकृत कामगार की कार्यस्थल पर किसी दुर्घटना में स्थाई रूप से अपंग होने पर अपंग प्रतिशतता के आधार पर एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाती है। यह सहायता एक लाख रुपए से लेकर तीन लाख रुपए तक प्रदान की जाती है। इसके अलावा कार्यस्थल पर दुर्घटना में अपंगता होने पर तीन हजार रुपए मासिक पेंशन का भी प्रावधान किया गया है। पंजीकृत श्रमिक को 50 प्रतिशत अपंग होने की स्थिति में एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी, वहीं 51 से 75 प्रतिशत तक अपंग होने की स्थिति में दो लाख रुपए की सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पंजीकृत श्रमिक के 76 प्रतिशत या उससे अधिक अपंग प्रतिशतता होने पर तीन लाख रुपए श्रम विभाग के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

### वर्कशॉप में शिक्षकों को बताए डिजिटल प्रबंधन के गुर



**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में शिक्षकों को डिजिटल प्रबंधन के गुर सिखाए गए। इसके अलावा अन्य कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी परवेश सिंगला ने बताया जिला एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में राजकीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में डिप्टी एलएडीसी केएस गिल, सहायक एलएडीसी देवेंदर कौर व हिमांशु ने मौजूद सभी को डिजिटल दुनिया का प्रबंधन, आशा योजना, बाल विवाह मुक्त भारत, नशा मुक्ति, दहेज निषेध अधिनियम आदि पर जागरूक किया।

## श्रीमद् भागवत में पहुंचे राज्यसभा सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



डेरा बाबा श्याम पुरी जी महाराज, शिव मंदिर धारसूल में 67वें वार्षिक संगीतमय श्रीमद् भागवत सत्संग ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 12 से 19 फरवरी तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा, भजन और सत्संग का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर संत-महात्माओं के सान्निध्य में श्रीमद् भागवत कथा, संगीतमय भजनों और सत्संग का दिव्य लाभ प्राप्त किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने आयोजकों, श्रद्धालुओं और सेवाभावी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोडऩे का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। ऐसे ज्ञान यज्ञ समाज में संस्कार, सद्भाव, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में आध्यात्मिकता मजबूत होती है, तो परिवार, युवा पीढ़ी और सामाजिक ताने-बाने में भी स्थिरता आती है।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय में हुई पेस-सेटिंग

- पेस-सेटिंग में दो विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाने और शैक्षणिक नवाचारों को साझा करने के उद्देश्य से पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा-खेड़ी द्वारा पेस-सेटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खारा-खेड़ी के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। पेस-सेटिंग कार्यक्रम के तहत दोनों विद्यालयों के छात्रों के बीच आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए संगीत एवं गायन, खेलकूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान जेएनवी के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बताया कि किस प्रकार वे मेहनत और सही मार्गदर्शन से नवोदय चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर सकते हैं। उन्हें विद्यालय की दैनिक दिनचर्या, वहां मिलने वाली सुविधाओं और सर्वांगीण विकास के अवसरों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम सत्र में जेएनवी खारा खेड़ी प्राचार्य अनूप सिंह ने पेस-सेटिंग कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**मेला** | 950 से अधिक स्टालों पर रही खरीदारी की धूम, ऐतिहासिक कुएं पर लगी विशेष भीड़

**हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी और दिल्ली से पहुंचे श्रद्धालु**

# बाबा राणाधीर के अर्धवार्षिक मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने टेका माथा





भूना। बाबा राणाधीर मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

बाबा राणाधीर जी मंदिर में वीरवार को आयोजित अर्धवार्षिक विशाल मेले में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु बाबा की समाधि पर माथा टेकने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने चावल व लड्डूओं की सवामणि, झाड़ू, तेल, नमक व प्रसाद अर्पित कर दीपक जलाए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन व मंदिर कमेटी ने व्यापक प्रबंध किए। प्रवेश व निकास मार्गों पर स्वयंसेवक तैनात रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले में लगी लगभग 950 से अधिक स्टालों पर महिला श्रद्धालुओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। खिलौने, श्रृंगार सामग्री, घरेलू सामान और खाने-पीने की वस्तुओं की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। श्रद्धालुओं ने लंगर व प्रसाद ग्रहण कर सेवा भावना का भी परिचय दिया। बाबा राणाधीर सेवा समिति के प्रधान ओम प्रकाश धारनियां व सचिव अनील सोनी ने बताया कि मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाकर अपनी गहरी आस्था व्यक्त की।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नंद लाल कंबोज,ओम प्रकाश धारणिया, अनील कुमार,मास्टर मंगल सैन,मास्टर हरविंद्र बागड़ी, अलोक बंसल, अमित लीखा, मास्टर राकेश मदान, हेड मास्टर विरेंद्र शर्मा, राजू गिरधर, जितेंद्र बंसल, विरेंद्र ठकराल, सुरेश कंबोज, साईं दिता, बलजीत सोनी, अनिल बंसल, सुंदर कंबोज, रमेश बंसल, आत्मा राम, नफे सिंह, देसराज खुराना, रमेश शर्मा, कृष्ण सेठी, अशोक मेहता, रमेश कंबोज, मोनू वर्मा राजू कंबोज, हरीश सचदेवा, राजेश कुमार, मोनू, अजय सोनी, रमन, अनिल धोनी आदि भी मौजूद थे।

### ऐतिहासिक कुएं पर लगी रही भीड़

मंदिर प्रांगण स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक कुएं पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखी गई। मान्यता है कि इस कुएं के जल के स्पर्श से चर्म रोगों में लाभ मिलता है। पानी प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमेटी सदस्यों व पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।मेले में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम रही और श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धा के साथ आयोजन का आनंद लिया।